# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठवें और सातवें चरण को लेकर प्रचार अभियान तेज। स्टार प्रचारकों में आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- सातवें चरण की तेरह लोकसभा सीटों पर नामांकन पत्रों की जांच पूरी। कल तक वापस लिये जा सकेंगे पर्चे।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन तक प्रदेश में करेंगे चुनाव प्रचार।
- फिर गर्म हुआ मौसम का मिजाज। कई जिलों में पारा चालीस डिग्री से ऊपर। अगले चार दिन लू चलने की आशंका।

**********

प्रदेश में पांचवें, छठवें और सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार लगातार तेज होता जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक इन तीन चरणों में आने वाले लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, रोड शो और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल महोबा, जालौन और लखनऊ में जनसभा तथा झांसी में रोड–शो कर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। जनसभाओं में उन्होंने कहा कि बसपा और सपा की पूर्ववर्ती सरकारें भ्रष्टाचार और माफिया राज को बढ़ावा दे रही थीं। श्री योगी ने कहा कि बुन्देलखण्ड को पानी के लिये तरसाने वालों की जमानत जब्त होनी चाहिए। लखनऊ के अमीनाबाद में हुयी जनसभा में उन्होंने दावा किया कि भाजपा बुलेट ट्रेन की रफ्तार से चार सौ सीटों के आंकड़े को पार करेगी। लखनऊ की जनसभा को भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में बढ़ी है। आज दुनिया यह मान चुकी है कि भारत विश्व का ताकतवर देश बन चुका है। राजनाथ सिंह लखनऊ संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल बलरामपुर जिले की गैसड़ी विधानसभा सीट और फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के लिये प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चार सौ पार का नारा दे रही है, मगर देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता ने इन्हें एक सौ चालीस सीटों से ज्यादा न देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा के खिलाफ जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने कल अमेठी और रायबरेली में चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। अमेठी में उन्होंने कहा कि चुनाव में पाकिस्तान की बात कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में युवा नौकरी के लिये और आम जनता रोजी–रोटी के लिये परेशान है। रायबरेली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और अपने भाई राहुल गांधी का चुनाव प्रचार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार बनने पर कांग्रेस महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिये काम करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी रायबरेली से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया।

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पड़ने वाले बांदा संसदीय क्षेत्र के अतर्रा क्षेत्र में राजनीतिक रैली को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की जनता बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार बनने पर समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा जायेगा।

**********

प्रदेश में सातवें चरण की तेरह लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की कल जांच की गयी। कल इन सीटों पर नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी।

**********

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल लखनऊ में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में कहा कि चार चरणों के चुनाव के बाद इण्डिया गठबंधन ने भाजपा की विदाई तय कर दी है। दोनों नेताओं ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने पर जाती आधारित गणना करायी जायेगी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार बनने पर गरीबों को हर महीने दस किलो राशन देने का वादा किया।

**********

प्रदेश की उन्तालीस संसदीय सीटों पर चार चरणों में मतदान सम्पन्न हो चुका है। राज्य की बाकी इकतालीस लोकसभा सीटों के लिये तीन और चरणों में चुनाव होने हैं। इसे लेकर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की तरफ से तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। पांचवें, छठवें और सातवें चरण के चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक मतदाताओं को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिनों तक उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार करेंगे। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***दो दिन..सात रैलियां जिनके जरिए प्रधानमंत्री 11 लगभग 11 लोकसभा क्षेत्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। राजनीतिक शब्दावली जिसे कारपेट बॉबिंग या फिर तूफानी दौरे का नाम दिया जाता है। कुछ उसी अंदाज में प्रधानमंत्री आज से लेकर कल तक उन जिलों में रैलियां करने वाले एक के बाद एक रैलियां करने वाले हैं जहां पांचवे और छठे चरणों में वोट पड़ेंगे। वह आज जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ और आजमगढ़ में सार्वजनिक सभाएं करेंगे। उनका आज रात लखनऊ के राजभवन में रुकने का***

*कार्यक्रम है और कल वे बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्रों में तीन और रैलियों को संबोधित करेंगे। दूसरी ओर आज एक और सियासी संग्राम फतेहपुर में होगा जहां विपक्षी दलों के दिग्गज नेता अखिलेश यादव मायावती के अलावा भाजपा से खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रैलियां करेंगे।।*

*कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अपने भाई राहुल गांधी के लिए रायबरेली संसदीय क्षेत्र में प्रचार करेंगी, जबकि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

**********

रामपुर जिले की एमपी एमएलए कोर्ट ने यतीमखाना बस्ती के मामले में कल गवाह से जिरह नही हो सकी। इस मामले में आरोपी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां के वकील ने स्थगन प्रार्थना पत्र देकर समय दिये जाने का अनुरोध किया था। इस पर अभियोजन की तरफ से आपत्ति जताई गयी। मामले में आजम खां समेत अन्य आरोपियों पर एक–एक हजार रूपये का हर्जाना लगाते हुए बीस मई को जिरह के लिए आखिरी मौका दिया है।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई की हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट के परीक्षा में फेल या अपने नंबरों से असंतुष्ट परीक्षार्थी उत्तीर्ण होने या अंक सुधारने के लिए 15 जुलाई से पूरक परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए परीक्षार्थियों को सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

**********

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग आज सत्रहवां विश्व कृषि पर्यटन दिवस मनायेगा। इसे लेकर राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में कृषि और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होने वाले आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। पर्यटन विभाग ने राज्य के अट्ठारह मंडलों मे ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए दो सौ उनतीस गांवों को चयनित किया है।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉ, अट्ठासी वर्षीय सावित्री देवी को उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद ऋषिकेश स्थित एम्स मे भर्ती किया गया है। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर संजीव मित्तल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद उन्हे वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने स्पेशल वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

**********

बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र स्थित परसा लकड़मंडी मार्ग पर रायपुर के समीप कल पिकअप की ठोकर से घायल तीन साधुओं की अयोध्या के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। तीनों साधु 84 कोसी परिक्रमा के अंतिम पड़ाव स्थल मखौड़ाधाम से हवन–पूजन कर कटरा कुटी लौट रहे थे।

**********

प्रदेश में बीते कुछ दिनों में मिली राहत के बाद दो दिनों से मौसम का मिजाज एक बार फिर गर्म हो गया है। कल राज्य के अधिकतर जिलों में पारा चालीस डिग्री से ऊपर रहा। आगरा में अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने कल से अगले चार दिन तक राज्य के अधिकांश जिलों में तेज धूप निकलने और लू चलने का अनुमान जताया है। इस बीच देश में मानसून को लेकर एक अच्छी खबर है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस माह के अंत में केरल में मानसून की पहली बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। आमतौर पर जून के प्रथम सप्ताह में मानसून केरल तट पर दस्तक देता है।

**********